# डी ए वी बरमाना का मंडी में राज्य स्तरीय कला उत्सव में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत शानदार प्रदर्शन

**दिनांक 20-12-2021 और 21-12- 21 को मंडी में कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें 12 जिलों के 306 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान अर्जित करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया । इसमें डी ए वी बरमाना के +1 के छात्र अनमोल शर्मा को लोकगीत गायन प्रतिस्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। डीएवी बरमाना की ही +2 की छात्रा सुदीक्षा शर्मा ने वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय के नाम में चार चांद लगा दिए ।**

**इतने प्रतिभागियों में द्वितीय स्थान प्राप्त करना निःसंदेह गर्व की बात है। ऐसे विद्यार्थी सचमुच प्रशंसा के पात्र हैं। इसका श्रेय जाता है विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान सुनील गांगटा जी को, जो छात्रों को ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और समस्त संगीत विभाग को जिन्होंने छात्रों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार किया । विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने उन्हें बधाई दी और भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं में न केवल भाग लेने बल्कि विशेष स्थान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने समस्त संगीत विभाग को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।**